Title: Need to bring an amendment in Food Corporation of India Act, 1964 for allowing compassionate appointments.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : मान्यवर, मेरे निर्वाचन क्षेत्र मनमाड़ जिला नासिक, महाराट्र में फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया का एशिया खंड में बहुत बड़ा डिपो है। इस डिपो में 400 से अधिक पद खाली पड़े हैं। जबकि अनुकम्पा के आधार पर 35 पद भरे जाने चाहिए लेकिन वह भी नहीं भरे गए हैं। भारी उद्योग मंत्रालय ने जैसे स्पेशल स्टेशनरी कार्पोरेशन में सी क्लास के कर्मचारियों को एलाउंस दिया है वैसे इस डिपो में नहीं दिया जाता। फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के एक्ट 1967 के सैक्शन 12ए में संशोधन होना चाहिए। मेरा आपके माध्यम से खाद्य मंत्री जी से अनुरोध है कि वे जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करें। धन्यवाद।